RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 25 फरवरी 2024 | वर्ष 05 | अंक 304 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# 3700 करोड़ की ड्रग्स जब्त करने वाली टीम को 25 लाख का इनाम...

## उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया ऐलान



**मुंबई:** पुणे पुलिस ने पिछले एक सप्ताह में अलग-अलग शहरों से 3700 करोड़ की एमडी ड्रग्स जब्त की। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को इस केस की डिटेक्शन टीम को 25 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। पुणे में एक कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वह पुणे पुलिस को हृदय से बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बहुत बढ़िया कदम उठाया है। हाल के दिनों में यह देश की किसी भी पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई है। फडणवीस के अनुसार, हम पिछले कुछ महीनों से नशा मुक्त महाराष्ट्र अभियान चला रहे हैं। नशे को लेकर हमारी जीरो टॉलरेंस पॉलिसी है, क्योंकि हमारा मानना है कि नशा समाज को तोड़ने का काम कर रहा है। जो काम बंदूकें और मिसाइलें नहीं कर सकतीं वो काम ड्रग्स कर रही है। उन्होंने कहा कि जो ड्रग्स पुणे पुलिस ने पकड़ी है, यदि वह लोगों तक पहुंच जाती, तो पता नहीं कितने घर बर्बाद हो जाते। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के धंधे में पैसों का लेन-देन भी बड़े पैमाने पर हो रहा है।

### कहां है मुख्य सरगना?

पुणे पुलिस ने कुछ दिनों पहले पुणे में एक कार को इंटरसेप्ट किया था और उसमें बैठे आरोपियों के पास से कुछ किलो ड्रग्स जब्त की थी। उनसे पूछताछ के बाद पुलिस को पुणे के पास कई किलोमीटर दूर कुरकुंभ में एक फैक्ट्री का पता चला था। बाद में और पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने काफी ड्रग्स दिल्ली भी भेजी है। पहले तीन दिन में पुलिस को कुल 3276 करोड़ कीमत की ड्रग्स मिली थी। बाद में महाराष्ट्र के कुछ और शहरों में भी ड्रग्स जब्त की गई।

### पुलिस 3700 करोड़ की ड्रग्स पकड़ चुकी

शनिवार तक पुलिस 3700 करोड़ की ड्रग्स पकड़ चुकी है। 9 आरोपियों को अरेस्ट कर चुकी है, लेकिन इस ड्रग्स केस का मुख्य सरगना संदीप धुने अभी भी कानून की गिरफ्त से बाहर है। उसी ने रेडी-टू-ईट फूड पैकेट के जरिए लंदन में ड्रग्स भिजवाने का ऑर्डर दिया था। संदीप बिहार का मूल निवासी है, उसके पास ब्रिटिश पासपोर्ट है। लेकिन वह लंदन में है या किसी और देश में, इसकी अलग-अलग एजेंसियां जांच कर रही है। उसके कुवैत या नेपाल में भी हो सकने की संभावना जताई जा रही है।

# घर के सपने को साकार करेगी हमारी सरकार- मुख्यमंत्री

## म्हाडा के पांच हजार 311 घरों की निकली लॉटरी... लाभार्थियों को शिंदे ने दी बधाई

मुंबई : मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का सपना होता है कि उसका खुद का अपना घर हो इस सपने को हमारी सरकार पूरा करेगी। शनिवार को ठाणे राम गणेश गडकरी रंगायतन नाट्यगृह में आयोजित कोंकण गृहनिर्माण व क्षेत्र विकास मंडल (म्हाडा की विभागीय इकाई) कार्यक्रम में पांच 311 घरों की मुख्यमंत्री के हाथों द्वारा लॉटरी निकाली गई.जिसमे वे बोल रहे थे.



शिंदे ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान हर आदमी की बुनियादी जरूरत है. इस बुनियादी जरूरत को पूरा करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में लागू की गई है। ये फ्लैट निम्न आय वर्ग, अति निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग के लोगों को लॉटरी के माध्यम से आवंटित किये जाते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में हमें केंद्र से काफी मदद मिल रही है। राज्य सरकार की ओर से सभी के लिए बड़ी संख्या में घर बनाने का संकल्प लिया गया है। मिल मजदूरों को भी घर उपलब्ध करवाने की शुरूआत कर दी गयी है। राज्य सरकार अनेक जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध करा रही है। यह आम आदमी की सरकार है और सारा काम पारदर्शी ढंग से हो रहा है। मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था प्रगति पथ पर है और अब हमारा देश अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया में तीसरे स्थान पर है। देश में और राज्य में समग्र विकास होता हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि बिना घर वाले जनता को सरकार ने घर देने का संकल्प लिया है इसी के तहत जो आवास बनाए जा रहे है उसे समय पर पूरा करने का काम होना चाहिए। समय पर घर पूरा करने वालों को सम्मानित किया जायेगा, जबकि समय पर काम पूरा न करने वालों को निश्चित रूप से दंडित किया जायेगा। जिन व्यक्तियों को लॉटरी में घर मिला है उन्हें मुख्यमंत्री ने बधाई दी. इस अवसर गृहनिर्माण मंत्री अतुल सावे, विधान परिषद विधायक निरंजन डावखरे, विधायक संजय केळकर, पूर्व विधायक रवींद्र फाटक, ठाणे जिलाधिकारी अशोक शिनगारे, म्हाडा के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जयसवाल, कोंकण गृहनिर्माण और क्षेत्र विकास मंडल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मारोती मोरे आदि मान्यवर उपस्थित थे।

# शख्स ने डॉक्टर के गले पर हथियार से किए 18 वार



**नासिक :** महाराष्ट्र के नासिक से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां के एक प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टर की हत्या की कोशिश हुई है। आरोपी शख्स ने डॉक्टर की गर्दन पर धारदार हथियार से 18 बार हमला किया। ये पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना नासिक की है। CCTV में देखा जा सकता है कि एक शख्स द्वारा धारदार कोयते से हॉस्पिटल के एक डॉक्टर के गर्दन पर 18 बार हमला किया जाता है। ये हमला हत्या करने के लिए किया गया था। डॉक्टर गंभीर रूप से घायल है। घटना नासिक पंचवटी के सुयोग नाम के निजी अस्पताल में शुक्रवार रात 9 बजे की है।

हादसे में गंभीर रूप से घायल शख्स का नाम डॉक्टर कैलास राठी है। जबकि आरोपी राजेन्द्र मोरे की तलाश पुलिस CCTV के आधार पर कर रही है। पुलिस के मुताबिक, डॉक्टर कैलास राठी और आरोपी राजेन्द्र मोरे के बीच जमीन के सौदे के कुछ बकाया पैसों को लेकर पिछले दो सालों से विवाद चल रहा था। घटना की रात आरोपी राजेन्द्र मोरे डॉक्टर कैलास से अपने पैसे मांगने हॉस्पिटल में उनके केबिन में गया और मौका मिलते ही डॉक्टर के गले पर कोयते से कई बार हमला करके भाग गया। फिलहाल गंभीर रूप से घायल डॉक्टर कैलास राठी का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। आरोपी राजेन्द्र मोरे के खिलाफ पंचवटी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## मीरा भाईंदर में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंध

# ड्रोन और दूसरे कैमरों से होगी निगरानी




**मुंबई :** तेलंगाना में बीजेपी के विधायक टी राजा को पुलिस ने परिमिशन देने से इनकार कर दिया था लेकिन वे परिमिशन न मिलने की वजह से बॉम्बे हाईकोर्ट गए जहां से 25 फरवरी को रैली करने की परमिशन उन्हें दी गई है। लेकिन परिमिशन देते वक्त कुछ शर्तें रखी गई हैं। अगर उनका उल्लंघन होता है तो उन्हें कार्रवाई का सामना भी करना पड़ सकता है। इस रैली को लेकर पुलिस ने भी सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंध कर ली है। जिससे किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो। जानकारी के मुताबिक मीरा भाईंदर, वसई विरार पुलिस आयुक्तालय ने इस रैली को लेकर अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इस रैली को देखते हुए चप्पे चप्पे पर पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं और छुट्टियां भी रद्द कर दी गई है। रैली को शांति से निपटाने के लिए पुलिस ने यहां 3 डीसीपी कार्यरत रखे हैं जो रैली वाली जगह और दूसरे जगहों पर उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा 7 एसीपी, 31 पुलिस इंस्पेक्टर, 140 एपीआई और पीएसआई के अलावा लगभग 1 हजार कॉन्स्टेबल वहां मौजूद रहेंगे। यही नहीं एसआरपीएफ के 11 प्लाटून यहां तैनात किए गए हैं। पूरा शहर छावनी में बदल जायेगा। इसके अलावा ड्रोन और दूसरे कैमरा से भी निगरानी रखी जायेगी। इसके अलावा हाईकोर्ट ने जो शर्तें रखी हैं उसका पालन करने के लिए आयोजकों को कहा गया है। पूरे रैली की वीडियो रेकॉर्डिंग की जाएगी, जिससे अगर कोई आरोप उनपर लगते हैं तो उसकी सत्यता की जांच की जा सके। पिछले महीने की 21 तारीख को हुई हिंसा के बाद यहां एक तनाव पूर्ण माहौल हो गया था। इसके बाद से ही पुलिस ऐसे किसी भी रैली के आयोजन पर रोक लगा दी है जिससे माहौल गड़बड़ हो। इससे पहले एआईएमआईएम के नेता और पूर्व विधायक ने भी मीरारोड जाने की कोशिश की थी, लेकिन दहिसर पुलिस ने ही उन्हें मीरारोड जाने से पहले रूकाय लिया था।

## मुंबई में फिल्म सिटी के पास बड़ा हादसा... दीवार गिरने से दो लोगों की मौत, एक जखमी

**मुंबई:** मुंबई के गोरेगांव में फिल्म सिटी के पास शनिवार शाम बड़ा हादसा हो गया। यहां दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। मुंबई पुलिस ने यह जानकारी दी है। जानकारी के मुताबिक, घटना आरे कॉलोनी रोड पर फिल्म सिटी के गेट नंबर 2 के पास हुई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव का काम तेज कर दिया है। फायर ब्रिगेड के अधिकारी ने कहा कि मुंबई के गोरेगांव इलाके में प्राइम फॉक्स प्रोडक्शन के पीछे फिल्म सिटी गेट नंबर 2 के पास दीवार गिर गई। जो कि 60 फीट लंबी और 20 फीट ऊंची थी। दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# केजरीवाल के समन

दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल संवैधानिक जांच एजेंसियों के सामने पेश क्यों नहीं होते? क्या आम आदमी इन एजेंसियों के समन को लगातार खारिज कर सकता है? क्या इनके समन को स्वीकार न करना 'असंवैधानिक' नहीं है? अदालत का इस व्यवस्था पर एक स्पष्ट आदेश जरूर आना चाहिए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई सरीखी एजेंसियों को संवैधानिक, संघीय मान्यता हासिल है कि वे देश के प्रधानमंत्री को भी जांच के लिए तलब कर सकती हैं। केजरीवाल भी संवैधानिक पद पर हैं और संविधान, लोकतंत्र बचाने के नारों पर राजनीति करते रहे हैं। फिर ईडी के समन को बार-बार 'अवैध' करार देना क्या संविधान-सम्मत है? केजरीवाल ने एक बार विधानसभा सत्र और विश्वास प्रस्ताव को बहाना बना कर ईडी और अदालत की पेशी से राहत मांगी थी। राहत तो मिल गई, लेकिन यह सवाल बेहद महत्वपूर्ण है कि केजरीवाल को 70 विधायकों के सदन में 62 विधायकों का प्रचंड बहुमत हासिल है, तो फिर सत्ता-पक्ष को विश्वास-मत का प्रस्ताव क्यों पेश करना पड़ा? विपक्ष ने तो अविश्वास व्यक्त नहीं किया था। इसी तरह केजरीवाल कभी राज्यसभा चुनाव, तो कभी चुनाव-प्रचार का बहाना बना कर ईडी के समन को अस्वीकार करते रहे हैं।

एक राजनेता औसतन हर दिन किसी न किसी काम में व्यस्त रहता है, तो क्या जांच एजेंसी के संवैधानिक दायित्व को 'तारपीडो' करता रहेगा? केजरीवाल की कथित शराब घोटाले में उपस्थिति और उनसे पूछताछ इसलिए अहम है, क्योंकि उनके उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया बीते एक साल से जेल में हैं, उन पर मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत ने भी उन्हें जमानत नहीं दी है। बल्कि इस मामले में मनी ट्रेल की आशंका जताई है। घोटाला करोड़ों रुपए का है, लेकिन 'आप' के प्रवक्ता दलीलें देते रहे हैं कि सिसोदिया और संजय से एक चवन्नी भी बरामद नहीं हुई, लेकिन जेल का उत्पीड दिया जा रहा है। यह कुतर्क है। किसी भी ऐसे घोटाले में नकद बरामद नहीं हुआ करते, बल्कि लेन-देन बेनकाब होता है। 'आप' के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी बीती अक्तूबर से जेल की सलाखों के पीछे हैं और अदालत ने उन्हें भी जमानत नहीं दी है। मनी लॉन्ड्रिंग का कानून ही इतना पेचीदा और सख्त है कि उसमें जमानत मिलना एक कठिन प्रक्रिया है। ये दोनों नेता, 'आप' के भीतर, केजरीवाल के दाएं-बाएं हाथ माने जाते रहे हैं, लिहाजा केजरीवाल को किसी सूचना या साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तारी का अंदेशा और भय स्वाभाविक है। संभव है कि दोनों गिरफ्त नेताओं से पूछताछ के दौरान ऐसा कोई साक्ष्य सामने आया हो, जो केजरीवाल की संलिप्तता की ओर संकेत करता हो, लिहाजा जांच एजेंसी केजरीवाल से भी पूछताछ करना चाहेगी। इसमें असामान्य क्या है? गौरतलब यह भी है कि जब शराब की नई नीति बनाई जा रही थी, उस दौरान शराब के बड़े व्यापारियों को मुख्यमंत्री केजरीवाल से भी मिलाया गया था। इसे भी अपराध न आंका जाए, तो दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने जो फैसले लिए थे, उनसे केजरीवाल खुद को अलग कैसे रख सकते हैं? कैबिनेट के फैसले और दायित्व तो 'सामूहिक' होते हैं। केजरीवाल तो दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री हैं। बेशक उन्होंने किसी भी फाइल या विवादित फैसले पर हस्ताक्षर न किए हों, लेकिन कैबिनेट की प्रथम जिम्मेदारी उन्हीं की है। उनका यह संवैधानिक दायित्व है कि वह ईडी के सामने पेश हों।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok
#faisalrokthok

# 'हम कहां मौका छोड़ने वाले थे' - फडणवीस



**मुंबई :** आइडिया ऑफ इंडिया समिट 2024 में हिस्सा लेते हुए महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने एकनाथ शिंदे के साथ सियासी रिश्ते और गठबंधन की राजनीति का जिक्र किया. देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य के मौजूदा सीएम एकनाथ शिंदे से हमारे रिश्ते पहले से अच्छे थे. मेरे साथ मंत्रिमंडल में मंत्री के तौर पर भी उन्होंने काम किया था. महाराष्ट्र के मेजर प्रोजेक्ट पर हमारे साथ उन्होंने काम किया.

देवेंद्र फडणवीस ने आगे कहा कि एकनाथ शिंदे कट्टर शिवसैनिक रहे हैं. वो हिंदुत्वादी और बालासाहब को मानने वाले लोगों में से शामिल हैं. उन्होंने राज्य की पुरानी यादों को ताजा करते हुए बताया कि उद्धव ठाकरे जब बीजेपी को छोड़कर कांग्रेस और एनसीपी के साथ जा रहे थे, तब भी एकनाथ शिंदे इसके खिलाफ थे. उस समय मध्यस्थता करने वाले में शिंदे थे, उनकी कोशिश थी कि उद्धव ठाकरे और बीजेपी के बीच बातचीत हो. उस समय उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बनना चाहते थे, इसलिए ये बात मानी नहीं.

आइडिया ऑफ इंडिया समिट के दौरान महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने ये भी कहा कि जिस दिन कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना की सरकार बनी थी, उसी दिन से एकनाथ शिंदे को लगता था कि ये ठीक नहीं है. शिवसेना में एक बड़े वर्ग को लगता था कि जिसका हमने हमेशा विरोध किया, उसके साथ हम सरकार में हैं. विचारधारा के खिलाफ था.

देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि उनसे हमारी बातचीत तो थी ही. धीरे-धीरे उद्धव ठाकरे के बर्ताव से उनलोगों को लगा कि हम तो अपना अस्तित्व ही खो देंगे. उसके बाद उनलोगों ने तय किया और तय करने के बाद हमसे बातचीत शुरू की, तो हम मौका छोड़ने वाले थे नहीं. मैंडेट तो था, हमारे साथ ही ये लोग चुनकर आए थे, हमने गठबंधन कर लिया और सरकार बना ली. उन्होंने ये भी कहा कि 2019 में जनता के मैंडेट को ठुकराया नहीं जाता तो ऐसी परिस्थितियां नहीं बनती. उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया एकनाथ शिंदे की शिवसेना के साथ हमारा गठबंधन इमोशनल है जबकि अजीत पवार के साथ हमारा गठबंधन स्ट्रैटेजिक है.

# 42 सीटें जीतेगी महा विकास आघाडी - नाना पटोले




**मुंबई :** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक संपन्न हुई। प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय तिलक भवन में आयोजित यह बैठक ढाई घंटे तक चली। बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने दावा किया कि महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी (एमवीए) लोकसभा की 48 में से 42 सीटें जीतेगी। चुनाव समिति की बैठक में चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। चुनाव समिति ने चुनाव प्रचार के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों पर भी विमर्श किया। इसके साथ ही एमवीए में शामिल मित्र पक्षों के साथ सीटों के बंटवारे के समीकरण पर भी चर्चा हुई। बैठक में महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्नीथला, केंद्रीय चुनाव समिति के अध्यक्ष मधूसुदन मिस्त्री, कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात, पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, विधानसभा में नेता विपक्ष विजय वडेट्टीवार, वरिष्ठ नेता माणिकराव ठाकरे, मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड, प्रदेश कार्याध्यक्ष नसीम खान, पूर्व सांसद संजय निरुपम समेत कई विधायक, पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए नाना पटोले ने दावा किया कि एमवीए में सीटों के बंटवारे की चर्चा अंतिम चरण में है। शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद पवार), समाजवादी पार्टी, शेकाप, माकपा, वंचित बहुजन आघाडी के साथ एकजुट होकर चुनाव लड़ने की तैयारी है। इसलिए आने वाले चुनावों में बीजेपी की एमवीए से सीधी टक्कर होगी।

# आदिवासी बस्ती की रोक दिया पानी की सप्लाई...



**भिवंडी :** हर घर जल योजना जल जीवन मिशन का एक भाग है, जिसे भारत में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है। इसका लक्ष्य देश के हर घर को पाइप जल कनेक्शन उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत घरों तक पाइप जल कनेक्शन उपलब्ध कराने के अलावा ग्रामीण स्कूलों, आंगनवाड़ी और सामुदायिक भवनों में पाइप जल कनेक्शन की स्थापना की जा रही है किन्तु भिवंडी तालुका के एक आदिवासी बस्ती में पानी का बिल वसूल करने वाली अनाधिकृत ग्राम सभा पानी सप्लाई समिति ने पिछले तीन महिने से पानी की सप्लाई बंद कर दिया है। जिससे नाराज आदिवासी समाज के लोगों ने भिवंडी पंचायत समिति के गट विकास अधिकारी डॉ. प्रदीप घोरपडे के कार्यालय का घेराव किया।

# डिप्टी सीएम अजित पवार की अध्यक्षता में बैठक में पहुंचीं सुप्रिया सुले...



**मुंबई :** एनसीपी-शरदचंद्र पवार की सांसद सुप्रिया सुले पश्चिमी महाराष्ट्र में पानी के मुद्दे पर राज्य के डिप्टी सीएम अजित पवार की अध्यक्षता में बैठक में पहुंचीं. सुप्रिया सुले ने कहा, ''अजित पवार महाराष्ट्र के डीसीएम और पुणे जिले के संरक्षक मंत्री हैं... मेरे निर्वाचन क्षेत्र (बारामती) में उजानी बांध और नाजारे बांध में पानी खत्म हो गया है. पीने और सिंचाई के पानी को लेकर गंभीर चिंताएं हैं. इसलिए मैं आई हूं.''

सुप्रिया सुले ने आगे कहा, बैठक में यह अनुरोध करने के लिए कि सरकार इस पर विचार करे. मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र में पानी के मुद्दों के बारे में अजित पवार को अवगत कराने के लिए उनसे मिलने आई थी.''

# अप्रैल में हो सकती है महा टीईटी परीक्षा

**मुंबई :** देशभर में शिक्षकों की पाक्षता जांचने के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जाता है. यह परीक्षा सेंट्रल और स्टेट लेवल पर आयोजित की जाती है. सीटीईटी यानी केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा सेंट्रल लेवल पर जबकि टीईटी परीक्षा राज्य स्तर पर होती है. सभी राज्य अपने-अपने स्तर पर टीईटी परीक्षा का आयोजन करते हैं. महा टीईटी 2024 परीक्षा महाराष्ट्र में आयोजित की जाती है. इस परीक्षा का आयोजन महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद द्वारा किया जाता है. खबर है कि इस साल महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा (MÔhÔ TET 2024) जो फरवरी में होनी हैं, उसमें देरी हो सकती है. बताया जा रहा है कि तकनीकी कारणों से महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 में देरी हो सकती है.

परिषद के एक वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षा विभाग फरवरी में आवेदन फॉर्म स्वीकार करके परीक्षा आयोजित करने की योजना बना रहा है. चूंकि हम तीन माध्यमों में परीक्षा आयोजित करने में तकनीकी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, इसलिए परीक्षा स्थगित करनी पड़ी है.

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एमएससीई ने राज्य सरकार को मराठी, अंग्रेजी और उर्दू भाषा में परीक्षा आयोजित करने में अपनी कठिनाइयों के बारे में लिखा है. इस मुद्दे को दूर करने के बाद ही महाराष्ट्र टीईटी परीक्षा अप्रैल में आयोजित की जा सकती है. महाराष्ट्र सरकार, महा टीईटी परीक्षा को साल में दो बार आयोजित कर सकती है.




# चुनाव पूर्व 13 आईएएस के तबादले का दौर शुरू

**मुंबई :** चुनाव से पहले सरकार ने आईएएस अफसरों के तबादलों का दौर शुरू कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने 13 अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए। इस अनुसार बेस्ट के महाप्रबंधक रहे विजय सिंघल को सिडको का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। सहकारिता एवं विपणन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश कुमार को राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पद पर स्थानांतरित किया गया है। मुख्य सचिव डॉ. नितिन करीर के पास वित्त विभाग का अतिरिक्त प्रभार था। सरकार ने वित्त विभाग में पूर्णकालिक अतिरिक्त सचिव के रूप में ओपी गुप्ता को नियुक्त किया है। संजय सेठी को मंत्रालय में परिवहन और बंदरगाह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में स्थानांतरित किया गया है, परिवहन और बंदरगाह विभाग के प्रमुख सचिव पराग जैन नैनुटिया को सामान्य प्रशासन विभाग में सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रधान सचिव के रूप में स्थानांतरित किया गया है।




# सायन ब्रिज गुरुवार से होगा बंद नया ब्रिज का होगा निर्माण

## मध्य रेलवे ने नोटिस निकाल दी जानकारी बेस्ट के दो दर्जन बसों का बदलना पड़ेगा मार्ग

**मुंबई :** सायन रेलवे ब्रिज को गुरुवार 29 नवम्बर से पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। मध्य रेलवे ने ब्रिज को बंद करने की सूचना नोटिस के द्वारा दी है। सायन ब्रिज बंद होने से सायन पूर्व से कुर्ला पश्चिम की और जाने वाले लोगो को बड़ी परेशानी झेलनी पड़ेगी। इस बीच बेस्ट भी ब्रिज के बंद होने पर इस मार्ग से होने वाले बसों के आवागमन में भी बदलाव करेगी। बता दे कि कुछ दिन पूर्व ही रेलवे ने ब्रिज को बंद करने की घोषणा की थी उस दौरान सांसद राहुल सेवाले ने बैठक लेकर ब्रिज को तोड़े जाने की तारीख आगे टाल दी थी।



बता दे कि लगभग 110 साल पुराने सायन ब्रिज को तोड़कर नया ब्रिज बनाने का निर्णय मध्य रेलवे ने लिया है। ब्रिज का निर्माण रेलवे के द्वारा किया जाएगा जिससे मध्य रेलवे ब्रिज को बंद करने की अधिसूचना जारी की । ब्रिटिश काल का पुल जो बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, धारावी, सायन को जोड़ता है। ब्रिज के निर्माण में लगभग दो साल का समय लगने की संभावना रेलवे ने व्यक्त की है। ब्रिज के बंद होने से सायन पूर्व से पश्चिम की ओर जाने वाले सभी बसों को अब दूसरे मार्ग से आवागमन करना होगा।ब्रिज को तोड़े जाने के पहले प्रारंभिक रूप में ब्रिज के सड़क पर डाला गया डामर हटाया जाएगा और केबल और अन्य संरचनाओं को हटाया जाएगा। इस काम में लगभग एक महीने का समय लगेगा। इसके बाद ब्रिज को तोड़े जाने की तारीखें तय की जाएगी और आरओबी को ध्वस्त करने के लिए मेगा ब्लॉक लिया जाएगा ।धारावी और कुर्ला डिपो से रानी लक्ष्मीबाई चौक आने वाली बस नंबर 7 लि.मी., 11 लि.मी. 22 लि.मी.,25 लि.मी.,181, 255 लि.मी. ,312, 341, 348 लि.मी. 411 इन बसों को सायन स्टेशन से पीला बांग्ला , माहिम फाटक से सायन अस्पताल की ओर से ले जाया जाएगा।

# पैदल यात्रियों को एक तेज रफ्तार वैन ने कुचला, चार की मौत

**मुंबई :** हिंगोली जिले के हिंगोली कनेरगांव नाका रोड पर माल्हीवर गांव इलाके में हनुमान मंदिर के दर्शन करने जा रहे पैदल यात्रियों को एक तेज रफ्तार वैन ने कुचल दिया. इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई और 4 घायल हो गए. सभी घायलों को इलाज के लिए हिंगोली सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस के मुताबिक, शनिवार सुबह हिंगोली तहसील के सिरसम गांव से श्रद्धालु पैदल ही माल्हीवर फाटा स्थित हनुमान मंदिर की ओर जा रहे थे। अचानक हिंगोली से अमरावती की ओर तेज गति से जा रही एक वैन अनियंत्रित हो गई और सभी पैदल यात्रियों को पीछे से कुचल दिया। इस हादसे में मनोज गोपालराव इंगले (39), बालाजी बाबूराव इंगले (32), सतीश शंकरराव थोराट (27), वैभव नंदू कामखेड़े (22) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जगन प्र''ाद एडकिने, उत्तम संतोष गिरी, संतोष सीताराम वासु और प्रिंस भीकाजी. घाटोलकर घायल हो गये.




हादसे की जानकारी मिलने के बाद हिंगोली ग्रामीण पुलिस स्टेशन के उप पुलिस निरीक्षक विजय रामोद समेत ग्रामीण पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को हिंगोली सिविल अस्पताल पहुंचाया. अस्पताल के डॉ. मनीष बगड़िया की टीम ने गंभीर व्यक्ति को इलाज के लिए नांदेड़ शिफ्ट कर दिया है। हादसे के बाद ट्रक के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है.

# वसई/ बुजुर्ग को जान से मारने की कोशिश करने वाले गिरफ्तार...

**वसई :** दो बुजुर्ग नागरिकों को जान से मारने की कोशिश करने वाले तीन आरोपी को वसई पुलिस स्टेशन ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई डीसीपी पौणिमा चौगुले वसई पुलिस स्टेशन के सीनियर पुलिस निरीक्षक रणजित आंधले की टीम ने की है। पुलिस अधिकारी ने बताया है कि, शिकायतकर्ता वसई पुलिस स्टेशन क्षेत्र में सिल्वेस्टर डायगो परेरा 17 फरवरी सुबह करीब 5.00 बजे मॉर्निंग वॉक पर जाते समय शिकायतकर्ता के भाई के घर के बाहर 2 अज्ञात लड़के एवं 1 अज्ञात महिला झगड़ा कर रहे थे एवं चिल्ला रहे थे, शिकायतकर्ता का भाई उन्हें समझाने गया। यह देखकर कि उसके भाई को अजनबी शख्स व महिला द्वारा पीटा जा रहा था, शिकायतकर्ता उनका झगड़ा सुलझाने गया, ''तुम कौन हो जो हमारा झगड़ा सुलझाने आए हो, अब मैं तुम्हें मार डालूंगा, इसलिए तीनों ने आपस में मिल कर शिकायतकर्ता और उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी और शिकायतकर्ता के सिर पर पत्थर से बार-बार वार कर और किसी हथियार से उसकी आंखों पर वार कर उसे घायल कर दिया। शिकायतकर्ता की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ वसई पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया है कि अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, पुलिस अपराध पता लगाने वाली शाखा के अधिकारी और कर्मचारी और जांच अधिकारियों की 3 टीमों का गठन किया गया ।




# लातूर शहर में भीषण आग की घटना... 6 दुकानें जलकर खाक



**लातूर :** महाराष्ट्र के लातूर में भीषण आग लगने से कई दुकानें इसके चपेट में आ गई. अचानक आग लगने से दुकानें धू-धू कर जलने लगी. एक-एक कर लगभग आधा दर्जन दुकानें आग में जलकर खाक हो गई. आग के लगने से आसपास भगदड़ का माहौल बन गया, जिसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने मौके पर पहुंच आग को काबू में करने के लिए दमकल की गाड़ियां मंगवाई जिसके बाद आग पर काबू पाया गया. पुलिस ने बताया कि अब तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, कहा जा रहा हैं कि शॉर्ट सर्किट एक वजह हो सकता है.

# इंजन समस्या के कारण एयर मॉरीशस की फ्लाइट एमके 749 5 घंटे से ज्यादा लेट... यात्रियों को परेशानी हो रही

**मुंबई :** मुंबई से मॉरीशस जाने वाली एयर मॉरीशस की फ्लाइट एमके 749 के यात्रियों को चिंताजनक स्थिति का सामना करना पड़ रहा है. एक यात्री के अनुसार, उड़ान, जो मूल रूप से सुबह 4:30 बजे प्रस्थान करने वाली थी, इंजन की समस्या के कारण 5 घंटे से अधिक समय से रोकी गई है। यात्रियों ने बताया कि सुबह 3:45 बजे के आसपास उन्हें विमान में चढ़ाया गया और बाद में उन्हें विमान के अंदर बंद कर दिया गया, जिससे एयर कंडीशनिंग के काम न करने के कारण उन्हें अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ा। इस बीच, एक 78 वर्षीय यात्री, जिसकी पहचान बानुदत्त बूलाउकी के रूप में हुई है, कथित तौर पर सांस लेने में कठिनाई के कारण संघर्ष कर रहा है। हवाई अड्डे के अधिकारियों और एयर मॉरीशस से संपर्क करने के प्रयास कथित तौर पर असफल रहे हैं। ''मुंबई से मॉरीशस के लिए उड़ान एमके 749 एयर मॉरीशस सुबह 4:30 बजे रवाना होनी थी। यात्री 3.45 बजे विमान में चढ़े। विमान के इंजन में समस्या आ गई है, लेकिन यात्री पिछले 5 घंटों से विमान के अंदर ही बंद हैं और उन्हें बाहर नहीं निकाला जा रहा है।'' उतरने की अनुमति दी गई। विमान में सवार 78 वर्षीय यात्री बनुदत्त बूलाउकी को सांस लेने में दिक्कत हो गई है क्योंकि एसी काम नहीं कर रहे हैं और वह विमान के पीछे लेटे हुए हैं। हवाई अड्डे की हेल्पलाइन और एयर मॉरीशस से संपर्क किया गया है लेकिन कुछ नहीं हुआ अब तक किया गया है,'' एक यात्री ने कहा। एक यात्री के मुताबिक, फ्लाइट रद्द कर दी गई है और अन्य जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं. घटना पर एयरलाइन की ओर से बयान का इंतजार है।



# डोंबिवली पश्चिम में ढहाया गया अवैध निर्माण

**कल्याण :** नगर निगम के 7/ एच वार्ड क्षेत्र में फर्जी निर्माण परमिट के मामले में निर्माण पर बेदखली की गई कार्रवाई मनपा आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ के निदेर्शानुसार एवं अनाधिकृत निर्माण नियंत्रण विभाग के उपायुक्त अवधूत तावड़े के मार्गदर्शन में 7/ कुंभारखान पाड़ा, डोंबिवली (पश्चिम) में फर्जी बिल्डिंग परमिट के साथ ग्रीन बेल्ट के मालिक सुनील नारकर के ग्राउंड + 3 मंजिला स्लैब बिल्डिंग के निर्माण के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में इमारत के 48 स्लैब को बाहर निकाला गया। उक्त कार्रवाई विष्णुनगर पुलिस स्टेशन के पुलिस अधिकारी/कर्मचारी, नगर पुलिस अधिकारी/कर्मचारी और अनाधिकृत निर्माण नियंत्रण विभाग के अधीक्षक अरुण पाटिल और अन्य कर्मचारियों की मदद से और 5 ब्रेकर, 2 गैस कटर और 15 श्रमिकों की मदद से की गई। अवैध निर्माण पर मनपा द्वारा की गई।


# 12 घंटे के भीतर अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई :** धारावी पुलिस ने बारह घंटे के भीतर पांच साल के नाबालिग के अपहरण के मामले को सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने कल्याण से नाबालिग के साथ पकड़ा है और उसे आरोपी के चंगुल से छुड़ा लिया। आरोपी को खोजने के लिए पुलिस ने इलाके में लगे कई सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें आरोपी थोड़ा दिखा और फिर उसके स्टेशन जाते हुए पुलिस को फुटेज मिले। धारावी पुलिस ने बताया कि मामले में जिस आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, वह गोवंडी के एक कंपनी में काम करता था। लेकिन घटना के लगभग पांच दिन पहले उसने अपना नौकरी भी छोड़ दिया था। जिसके बाद पुलिस अपने मुखबिर के जरिये आरोपी तक पहुंची। पुलिस को पता चला कि वह कल्याण ने नाबालिग को लेकर गया है, जिसके बाद उसे कल्याण की पुलिस की मदद से पकड़ लिया गया।





# बीएमसी 5 दिनों में 15 हजार कुत्तों को रेबीज का टीका लगाएगी...



**मुंबई :** बीएमसी ने 26 फरवरी से शुरू होने वाले पांच दिनों में 15,000 आवारा कुत्तों को एंटी-रेबीज टीके लगाने का लक्ष्य रखा है। नागरिक निकाय ने वर्ल्डवाइड वेटरनरी सर्विसेज-मिशन रेबीज (डब्ल्यूवीएस-एमआर) के सहयोग से यह पहल की है। यह अभियान आज (शनिवार) जुहू समुद्र तट पर कई पशु कल्याण संगठनों की उपस्थिति में शुरू किया जाएगा। यह पहल मार्च तक अपनी कुल आबादी में से लगभग 1.3 लाख (70%) आवारा कुत्तों को टीका लगाने की अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करने की दिशा में बीएमसी का कदम है।

सुरक्षित और प्रभावी रेबीज टीकों से सुसज्जित प्रशिक्षित पेशेवरों की एक टीम द्वारा दस वार्डों में सामूहिक टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक, डॉगकैचर टीमें, मुंबई पशु चिकित्सा कॉलेज के छात्र, गैर सरकारी संगठनों के सदस्य और स्थानीय फीडर भी मेगा ड्राइव में भाग लेंगे। प्रत्येक टीम में एक वैक्सीनेटर (पशु चिकित्सा नर्स), एक हैंडलर (प्रशिक्षित पशु चिकित्सा सहायक), एक नेट कैचर और डेटा कलेक्टर शामिल होंगे।

बीएमसी पशु चिकित्सा विभाग और देवनार बूचड़खाने के महाप्रबंधक डॉ कलामपाशा पठान ने कहा, ''आवारा कुत्ते को पकड़ने के लिए हम स्थानीय फीडरों और स्वयंसेवकों की मदद लेंगे। टीका लगाए गए जानवर के माथे पर एक निशान होगा। के-वेस्ट (विले पार्ले, अंधेरी वेस्ट) और एम-ईस्ट (गोवंडी, मानखुर्द) वार्ड में भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। इन क्षेत्रों में टीके, संबंधित सामग्री और भंडारण उपकरण भी होंगे।''रेबीज एक रोकथाम योग्य वायरल बीमारी है जो अक्सर पागल जानवर के काटने से फैलती है। यह वायरस स्तनधारियों के केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को संक्रमित करता है और इससे मृत्यु भी हो सकती है। 2014 की जनगणना के अनुसार, शहर में 95,000 आवारा कुत्ते हैं। हालाँकि, पिछले आठ वर्षों में यह संख्या दोगुनी हो गई है और केवल 30% कुत्तों का टीकाकरण किया जाता है।

# ठाणे में ब्रेक फेल होने से टैंकर से टकराई टीएमटी बस



**ठाणे :** ठाणे मनपा द्वारा संचालित परिवहन बस सेवा से जुड़ी पुरानी बसों को हटाकर नई बसों का शामिल किया जा रहा है। यात्रियों के मुकाबले बसों की संख्या कम होने की वजह से पुरानी बसों को भी चलाया जा रहा है। ऐ बसें कहां बंद हो जाएगी, कब ब्रेक फेल हो जायेगा, इसका कोई भरोसा नही है। इन बसों की वजह से अक्सर ठाणेकरों को जाम का सामना करना पड़ता है। 23 फरवरी, शुक्रवार की सुबह करीब सवा 6 बजे घोड़बंदर रोड़ स्थित कासरवडवली बस आगार से बस क्र एमएच 04/ एच वाई 1754 ठाणे स्टेशन के लिए निकली थी। वाघविल नाके के आसपास उस बस का ब्रेक फेल हो गया और सड़क के बगल खड़े एक टैंकर क्र एमएच 04 / डीडी 1536 से टकरा गई। चालक सागर अपोटिकर ने बस को नियंत्रित करने की भरपूर कोशिश की, इसके बावजूद बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सुबह का समय होने की वजह से बस में सिर्फ 6 यात्री सवार थे। चालक, वाहक सहित सभी यात्री सुरक्षित हैं।


# 'गहन सफाई अभियान' पर बृहन्मुंबई नगर निगम आयुक्त चहल ने कही ये बात



**मुंबईः** बृहन्मुंबई नगर निगम ( बीएमसी ) के आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने चल रहे डीप क्लीन ड्राइव की सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के दृष्टिकोण को देते हुए, चल रहे गहन सफाई अभियान के बारे में जानकारी प्रदान की। शनिवार को। ''यह हमारे सीएम एकनाथ शिंदे का दृष्टिकोण है कि मुंबई में एक गहन सफाई अभियान चलाया जाए। पिछले 13 हफ्तों से, हम बिना किसी रुकावट के हर शनिवार और रविवार को लगातार गहन सफाई अभियान चला रहे हैं। इस पहल के तहत, हम प्रत्येक सप्ताह मुंबई के 25 वार्डों, कुल 227 वार्डों में से एक नगरपालिका स्कूल का चयन करें। हमारा लक्ष्य अगले 9 से 10 सप्ताह में सभी 227 वार्डों को कवर करने के लिए इस अभियान का विस्तार करना है, यह सुनिश्चित करना है कि पूरे मुंबई शहर को व्यापक रूप से साफ किया जाए। फोकस हमारा प्रयास एक व्यवस्थित दृष्टिकोण का उपयोग करके छोटी गलियों, झुग्गी-झोपड़ियों और फुटपाथों को साफ करना है, जिसमें झाड़ू लगाना, गंदगी इकट्ठा करना और फिर पानी से सफाई करना शामिल है। इस सक्रिय दृष्टिकोण का उद्देश्य मलेरिया, डेंगू और लेप्टोस्पायरोसिस जैसी बीमारियों के प्रसार को कम करना है। प्री-मानसून अवधि, '' इकबाल सिंह चहल ने कहा। शहर को पूरी तरह से साफ करने के उद्देश्य से बीएमसी का गहन सफाई अभियान पिछले साल दिसंबर में शुरू किया गया था और इसे पूरे राज्य में चलाया जा रहा है। ''यह ध्यान देने योग्य है कि हमारा गहन सफाई अभियान किसी भी बीएमसी कार्यक्रम का हिस्सा नहीं है। यह एक वास्तविक सामुदायिक प्रयास है।

जब तक हमें जन प्रतिनिधियों, छात्रों, कामकाजी पेशेवरों और अन्य सभी से समर्थन नहीं मिलेगा, तब तक यह कार्यक्रम सफल नहीं होगा। सफलता। हम जागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटकों का भी आयोजन करते हैं और हमारा लक्ष्य अगले कुछ महीनों में इसे एक स्थायी अभियान बनाना है,'' बीएमसी आयुक्त ने कहा। चल रहे गहन स्वच्छता अभियान का शहर की वायु गुणवत्ता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, जो कई चल रही निर्माण परियोजनाओं के कारण कम हो गई थी।

# चेन्नई में पुलिस वाले ने मुस्लिम महिला से बोला, 'बुर्का हटाओ, तुम्हारा खूबसूरत चेहरा दिख नहीं रहा...'



**चेन्नई :** चेन्नई में गाड़ी की चोरी की रिपोर्ट लिखाने गई मुस्लिम महिला से पुलिस वाले की अभद्रता करने की खबर आ रही है. थाने में हेड कांस्टेबल पर महिला से छेड़खानी का आरोप लगा है. पीड़िता के अनुसार अधिकारी ने कहा कि 'तुम बुर्का हटाओ, तुम्हारा खूबसूरत चेहरा नहीं दिख रहा है.' उसने बताया कि वह गाड़ी की चोरी शिकायत की अपडेट लेने पुलिस स्टेशन गई थी, तभी अधिकारी ने उसके साथ अभद्रता की. मिली जानकारी के अनुसार उस हेड कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया गया.

14 फरवरी को महिला की गाड़ी चोरी हो गया था. इसको लेकर उसने संबंधित पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. बाद में पुलिस ने उसकी स्कूटी को बरामद कर लिया था, लेकिन हेड कांस्टेबल ने महिला से कहा कि अगर गाड़ी चाहिए तो उसे कोर्ट जाना होगा. इसपर महिला परेशान होकर रोने लगी ओर गाड़ी देने के लिए विनती करने लगी. इस पर पुलिस वाले ने कहा कि 'तुम रोते हुए खूबसूरत लग रही हो. एसा काम करो, तुम अपना बुर्का हटा दो, यह तुम्हारे सुंदर चेहरे को ढक रहा है.'

परेशान महिला को पुलिस वाले की बात अच्छी नहीं लगी. उसने हेड कांस्टेबल के खिलाफ केस दर्ज कराई. यह मामला तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. इसके बाद पुलिस ने महिला की शिकायत पर कारवाई करते हुए एक्शन लिया है. आरोपी हेड कांस्टेबल को तुरंत सस्पेंड कर दिया गया. मामला वायरल होने के बाद पुलिस वालों की किरकिरी भी हो रही है. लोग सवाल उठाने लगे हैं कि जब पुलिस अधिकारी ही ऐसा करने लगेंगे तो आम जनता का क्या होगा. आरोपी के खिलाफ तुरंत एक्शन लेना चाहिए.

# शरद पवार ने रायगढ़ किले से पार्टी का नया चुनाव चिन्ह किया लॉन्च

**मुंबईः** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को छत्रपति शिवाजी के रायगढ़ किले से अपनी पार्टी का नया प्रतीक- 'तुरहा उड़ाता हुआ आदमी' लॉन्च किया। पवार को रायगढ़ किले तक पालकी में ले जाया गया। हाल ही में, भारत के चुनाव आयोग ने पार्टी का मूल नाम (एनसीपी) और उसका 'घड़ी' चुनाव चिह्न अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट को देने का निर्णय लेने के बाद पार्टी को 'तुरहा उड़ाता हुआ आदमी' का नया प्रतीक आवंटित किया। शरद पवार की नई पार्टी के प्रतीक चिन्ह में एक आदमी को उल्टे 'सी' के आकार में एक लंबा, घुमावदार, तुरही जैसा वाद्ययंत्र बजाते हुए दिखाया गया है, जिसे धागे या स्ट्रिंग से सजाया गया है।



''तुरहा'' को ''तुरही'', '' तुरही '', या ''तुरतुरी'' के रूप में भी उच्चारित और लिखा जाता है, और महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में इसका स्वरूप कुछ हद तक भिन्न होता है। चुनाव आयोग की घोषणा के बाद, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद चंद्र पवार ने एक्स पर पोस्ट किया कि महाराष्ट्र की मूर्तियों के विचारों वाला नया प्रतीक केंद्र सरकार के सिंहासन को हिला देगा। 'महाराष्ट्र के इतिहास में दिल्ली की राजगद्दी के कान खड़े करने वाले छत्रपति शिव राय का शौर्य आज 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद चंद्र पवार' के लिए गौरव का विषय है। छत्रपति शिवाजी के प्रगतिशील विचारों के साथ महाराज, महाराष्ट्र के आदर्श, फुले, शाहू, अम्बेडकर और आदरणीय 'तुतारी' दिल्ली के सिंहासन को हिलाने के लिए एक बार फिर बिगुल बजाने के लिए तैयार हैं ,'' एनसीपी-शरदचंद्र पवार ने कहा। उसी के बारे में बोलते हुए, पार्टी नेता जितेंद्र अवध ने शुक्रवार को पहले कहा था कि चुनाव में बिगुल फूंका जाएगा और ''हम विचारों की लड़ाई जीतेंगे''। ''यह हमारे लिए एक अच्छा संकेत है। इसके लिए चुनाव आयोग को धन्यवाद। क्योंकि ' तुरही ' संकेत देकर उसने शरद पवार साहब और उनके सिपहसालारों को संदेश दिया है कि आपको युद्ध के लिए खड़े रहना चाहिए और जीतना चाहिए।'' कहा।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com